22 अगस्त, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

थियेटर, एक्टिंग और स्क्रिप्ट राइटिंग हर क्षेत्र में होगी कश्मीर के युवाओं की भागीदारी

कलाकार, फिल्मकार, अभिनेता, गायक हर किसी की दोस्त होती हैं– किताबें। यही कारण है कि जैसे–जैसे चिनार पुस्तक महोत्सव अपनी कामयाबी की सीढ़ियाँ चढ़ रहा है, उसके साथ ही यहाँ देशभर से आने वाले मशहूर अदाकार, फिल्मकार, गायकों का हुजूम जुट रहा है। छठे दिन थियेटर, एक्टिंग और स्क्रिप्ट राइटिंग के क्षेत्र में कश्मीरी युवाओं के भविष्य पर आयोजित एक सत्र में बॉलिवुड अभिनेता अश्वथ भट्ट, मीर सरवर और हुसैन खान ने भाग लिया। अश्वथ भट्ट ने कश्मीर के युवाओं को पैगाम देते हुए कहा, "जिस तरह किसी तैराक को तैराकी सीखने के लिए नदी के पानी में उतरना पड़ता है, उसी तरह कश्मीर के युवाओं को भी फिल्मी दुनिया में डुबकी लगाने की जरूरत है। इंडस्ट्री में युवाओं के लिए बहुत स्कॉप है।" कश्मीर से बॉलीवुड का सफर तय कर चुके मीर सरवर ने बच्चों और युवाओं को पुस्तकें पढ़ने के प्रति प्रेरित करते हुए कहा, "यदि आप 10 किताबें पढ़ेंगे, तो 10 लोगों के जीवन के बारे में जानेंगे। उनकी गलतियों से आप सीख लेंगे और उनकी कामयाबी की कहानी आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।"
हुसैन खान ने युवाओं को चिनार पुस्तक महोत्सव में बार–बार आने का पैगाम दिया और कहा, "जिस इंडस्ट्री से मैं आता हूँ, उसकी जड़ किताबें ही हैं। यहाँ हर स्टॉल पर युवाओं की भीड़ देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि कश्मीर के युवा किताबों से कितना प्रेम करते हैं।" फिल्म इंडस्ट्री में युवाओं के भविष्य पर बात करते हुए मीर सरवर ने कहा कि कश्मीर का इतिहास, कला, विरासत बहुत समृद्ध है। युवाओं को चाहिए कि वे घाटी की इस विरासत को फिल्मों के जरिये दुनिया के सामने लाएँ।

कश्मीर के साहित्यकारों की याद में

चिनार टॉक्स में छठे दिन उन कवियों, लेखकों को याद किया गया, जिन्होंने कश्मीरी साहित्य को समृद्ध किया और युवाओं को इस परंपरा को आगे ले जाने के लिए एक मंच प्रदान किया। साहित्य अकादमी अवार्ड से सम्मानित डॉ. अशरफ जिया ने कश्मीर के साहित्य को विरासत कहा और लालेश्वरी, अभिनव गुप्ता, आनंद वर्धन आदि की साहित्यिक विचारधारा को याद किया। उन्होंने बताया कि सूफी की सबसे बड़ी खासियत सेल्फ को खत्म करना है। इसमें सबको साथ लेकर चला जाता है।

कश्मीर के मशहूर लेखक मुश्ताक बशीर बर्क ने युवाओं को सूफी कवियों और आम कवियों में अंतर समझाते हुए कहा, "आज के युवा जो कश्मीरी साहित्य सुनते हैं, सूफी सुनते हैं, उनकी वजह से ही हमारा भविष्य सुरक्षित है। हमारे पास 147 सूफी शायर हैं, जिन पर युवा काम कर सकते हैं।"

बच्चों ने सीखी तरह–तरह कलाएँ

चिनार पुस्तक महोत्सव में आकर बच्चे रंग–बिरंगी किताबों को तो खरीद ही रहे हैं, साथ ही उनके मन में कुछ नया सीखने की ललक भी साफ–साफ देखी जा सकती है। गुरुवार को चिल्ड्रन कॉर्नर में बच्चों को कागज से तरह–तरह की चीजें बनाना सिखाया गया। इसके बाद डाकरूम की ओर से मुस्कान गुप्ता ने बच्चों को पत्र लिखने के तरीके भी सिखाए।

राजस्थानी लोकगीतों का रंग कश्मीर में

श्रीनगर का एसकेआईसीसी में इस समय भारत के लोकगीत, संस्कृति और लोकनृत्य का संगम देखने को मिल रहा है। गुरुवार को यहाँ राजस्थानी लोकगीतों की महफिल सजी। मशहूर राजस्थानी गीतकार कुतला खान की आवाज ने युवाओं का दिल जीत लिया। उनके गानों पर युवा खूब थिरके। शाम के समय लखनऊ के शदज बैंड ने एसकेआईसीसी में परफोर्म किया। यह कश्मीर के युवाओं के लिए एक अलग अनुभव था।

शुक्रवार के लिए क्या होगा खास

पहले राष्टीय अंतरिक्ष दिवस पर फोटो प्रदर्शनी

भारत 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा और इसके दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर उतरने वाला पहला देश बना। भारत की इस कामयाबी को एक उत्सव का रूप देते हुए देशभर में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। चिनार पुस्तक महोत्सव में बच्चों और युवाओं को भारत की अंतरिक्ष विकास यात्रा के प्रति जागरूक करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद इसरो ने फोटो प्रदर्शनी लगाई है, जिसमें भारतीय सैटेलाइट के विकास, भारतीय संचार के क्षेत्र में सैटेलाइट, पीएसएलवी, जीएसएलवी, भारत की क्षेत्रीय नेविगेशन प्रणाली नाविक, पीएस4 ओरबिटल प्लेटफॉर्म, लघु उपग्रह खंड, एलवीएम–3, 1998 से 2023 के इसरो के अभियानों, आदित्य एल1, चंद्रयान–3 मिशन, गगनयान, हाई–थ्रूपुट सैटेलाइट एचटीएस, इंडियन मिशन कंटोल सेंटर, सेटकॉम एप्लिकेशन, क्वांटम कम्यूनिकेशन आदि के चित्र जानकारी के साथ प्रदर्शित किए गए हैं। बच्चे और युवा

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
NATIONAL BOOK TRUST, INDIA
Ministry of Education, Government of India

23 अगस्त को इस फोटो प्रदर्शनी के जरिये भारतीय अंतरिक्ष विकास यात्रा के बारे में अच्छे से जान सकेंगे। यहाँ अंतरिक्षयान का एक मॉडल भी लगाया गया है।

चिनार टॉक्स भी शुक्रवार को युवाओं के लिए खास होने वाला है। यहाँ उन्हें मशहूर बॉलीवुड निदेशक और म्यूजिक कंपोजर विशाल भारद्वाज से फिल्मी दुनिया पर बात सकेंगे। उनके पास श्रीनगर के उपायुक्त डॉ. बिलाल मोहि-उद-दीन भट और कश्मीर के स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मुश्ताक अहमद राथर, जम्मू और कश्मीर पुलिस टेलिकॉम निदेशक मनोज पंडित और कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुरेश कोल से एक लेखक के रूप में अपने अनुभव जानने का अवसर मिलेगा। महफिल–ए–चिनार में 3 बजे से साढ़े चार बजे तक पाठक मुशायरा का आनंद ले सकेंगे, जिसमें देश की जानी–मानी

जनसंपर्क अनुभाग
नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया
prnbtindia@gmail.com